Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

Title: Need for doubling of railway track between Manmad and Mudkhed in Maharashtra -Laid.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, नियम 377 के माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता कि मनमाड और मुदखेड रेलवे खंड के बीच अभी तक दोहरीकरण नहीं हुआ है जबकि इस रेलवे प्रखंड के लिए दक्षिण में सिकन्दराबाद, कर्नाटक की दिशा में, उत्तर की दिशा में और पश्चिम की दिशा में स्थित क्षेत्रों को रेलवे जोड़ा गया है परन्तु केवल इसी रेल प्रखंड में दोहरीकरण के अभाव में रेल यातायात में कई दिक्कत आ रही है क्योंकि एक गाड़ी को जाने के लिए दूसरी गाड़ी को रूकना पड़ता है जिसके कारण इस रेलवे खंड से आने जाने में रेल सेवा में देरी होती है। और एक ही रेलवे लाईन पर ही भार पड़ रहा है जबकि तकनीकी दृटि से इस रेलवे प्रखंड पर दोहरी लाईन होना अति आवश्यक है। मराठावाड़ का अपना इतिहास रहा है और औद्योगिक विकास के लिए कई तरह के कच्चे माल है परन्तु रेलवे की सुविधा के आव में इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास नहीं हुआ है जिसके कारण यहां के लोग दूसरी जगह जाकर रोजगार करते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मनमाड और मुदखेड रेलवे खंड के बीच दोहरीकरण का कार्य स्वीकृत करके इसे शुरू किया जाये।